केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

**अगस्त 2025**





राजस्थान में कार्यरत सभी 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की प्रतिनिधि संस्था दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर की 21वीं वार्षिक साधारण सभा 30 अगस्त, 2025 को होटल अचरौल निवास, अचरौल, जयपुर में सम्पन्न हुई। फैडरेशन अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा उपस्थित महानुभावों के स्वागत अभिनंदन पश्चात् प्रारंभ इस महती सभा में केन्द्र सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे सकारात्मक कार्यों, अरबन बैंकिंग क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने, इस सेक्टर को मजबूती का अवसर देने के लिये केन्द्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष ने नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन एण्ड क्रेडिट सोसाइटीज (नेफकब) एवं नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलपमेंट एण्ड फाइनेंस कोरपारेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) द्वारा अरबन बैंकों के हित में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका के लिये धन्यवाद दिया।

श्री पाराशर ने कहा कि गत 2 वर्षों में नवीन प्रबंधकारिणी का फैडरेशन को गतिमान बनाने के लिये पूर्ण प्रयास रहा है। फैडरेशन की सफलता में बैको की प्रमुख भागीदारी रही है। उन्होंने बताया कि दिनांक 24 जुलाई, 2025 को माननीय केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ''नेशनल को–ऑपरेटिव पालिसी'' का आगाज किया गया। उन्होंने आव्हान किया कि आगामी 8–9 नवम्बर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होने वाले ''को–ऑपरेटिव कुम्भ'' में राजस्थान की भागीदारी और उपस्थिति दर्ज करानी चाहिये।

श्री पाराशर ने अवगत कराया कि अवधिपार ऋणों की वसूली हेतु धारा 99–100 के अधिकार जो कई वर्षों से लम्बित थे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रत्यायोजित कर दिये गये हैं। बैंकों के कार्मिकों के नवीन सेवा नियम लागू हो चुके हैं जिसके अनुसार स्टाफ स्ट्रेन्थ स्वीकृत करने के अधिकार बैंकों के संचालक मंडल को ही प्राप्त हो गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नियुक्तियों को लेकर जो सबसे बड़ी बाधा थी, वह काफी सीमा तक दूर हो चुकी है।

अंत में, उन्होंने सभी उपस्थिति सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। फैडरेशन का राजस्थान सरकार के सहकारी विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक से आदर्श समन्वय रहा है जिसके लिये उन्होंने आभार व्यक्त किया। नेशनल फैडरेशन द्वारा दिये गये सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिये भी उनका आभार व्यक्त किया। अपेक्स बैक के प्रबन्ध निदेशक, फैडरेशन के निदेशक मण्डल में हैं, उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिये भी धन्यवाद देते हुए सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये।

सदस्य सचिव श्री एम. एल. शर्मा ने विचारणीय विषयों को बिन्दुवार सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत किया। सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श पश्चात् गत आम सभा दिनांक 12.09.2024 की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उसमें लिये गये निर्णय पर फैडरेशन द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन किया। वर्ष 2024–25 के अंकेक्षित अंतिम लेखों को अंगीकार करते हुए अंकेक्षण रिपोर्ट की पालना का अनुमोदन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु बजट स्वीकृत किया गया। सभा में 31 मार्च, 2025 तक के संकलित लाभ का निवर्तन किया गया। फैडरेशन के उप–नियमों में कतिपय संशोधन करने हेतु गठित कमेटी की बैठक में प्रस्तावित किये गये संशाधनों का विचारोपरांत अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य बैंकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में सदस्य बैंकों के अध्यक्षों व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिन पर अध्यक्ष श्री पाराशर ने अपने सम्बोधन में उचित माध्यम से समाधान का आश्वासन दिया।

# अध्यक्षीय संदेश



*फैडरेशन की वार्षिक साधारण सभा जो दिनांक 30.08.2025 को जयपुर में अरावली की सुरम्य घाटियों में सम्पन्न हुई थी, में विधायी कार्यवाही के साथ-साथ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हो चुकी है। इस बार की साधारण सभा में आपके बैंक के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।*

*माह सितंबर, 2025 का माह भी हमारे लिये कई मामलों में महत्वपूर्ण है। दिनांक 10 एव 11 सितंबर, 2025 को सहकारी विभाग, राजस्थान सरकार एवं सहकार भारती के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर में अरबन बैंकों का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न हो रहा है जिसमें फैडरेशन भी पूरे जोर-शोर से आबंटित उत्तरदायित्व का निर्वाह करेगा। इसी अवसर पर गुजरात फैडरेशन के साथ एक संयुक्त मीटिंग का आयोजन भी किया जा रहा है। दिनांक 17 एवं 18 सितंबर को गोवा में बैंकिग फ्रंटियर द्द्वारा आयोजित कान्फ्रेंस भी सम्पन्न हो रही है। इसके पश्चात् जहां नवरात्रा प्रारंभ हो जायेंगे वहीं अर्द्धवार्षिक खाताबंदी की दृष्टि से भी यह माह महत्वपूर्ण होगा।*

*मुझे आशा है कि वर्ष 2024-25 में आपके द्वारा दर्शायी गई प्रगति इस वर्ष भी सभी पैरामीटर्स पर दर्शायी जायेगी एवं 30 सितंबर तक की को समाप्त प्रथम 6 माह की प्रगति हमारी शक्ति में नवसंचार पैदा करेगी।*

*मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि दिनांक 8 एवं 9 नवम्बर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में नेशनल फैडरेशन द्वारा* "CoopKumbh" *का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हम सभी को बड़ी संख्या में भाग लेकर राजस्थान के बैंकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करनी है।*

*नवरात्रि की समस्त शुभकामनाओं सहित।*

***मोहन पाराशर***

***अध्यक्ष***

# ''फैडरेशन के माननीय सदस्य''

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रेल, 2025 के अंक से राज्य के अरबन बैंकों के अध्यक्षों का प्रोफाईल विवरण ''फैडरेशन के माननीय सदस्य'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस अंक में श्री निखिल गुप्ता, माननीय अध्यक्ष, सवाईमाधोपुर. अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।



**श्री निखिल गुप्ता**
माननीय बैंक अध्यक्ष, सवाईमाधोपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | श्री निखिल गुप्ता |
| 2 | पति का नाम | श्री राकेश कुमार गुप्ता |
| 3 | निवास | ई–46, मोहन नगर, हिण्डौन सिटी, जिला–करौली (राजस्थान) |
| 5 | वाट्सएप मोबाईल नंबर<br>अन्य मोबाईल नंबर | 9784862667 |
| 6 | फोन नंबर कार्यालय एवं निवास | 9784862667 |
| 7 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | nikhil.gupta0106@gmail.com |
| 8 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | BA (Hons), CFA |
| 9 | व्यवसाय | वित्तीय सलाहकार |
| 10 | जन्मतिथि | 01.06.1996 |
| 11 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है (कृपया पूर्ण विवरण दें) | मार्च, 2020 |
| 12 | सामाजिक गतिविधियां | सदस्य – रोटरी क्लब |



फैडरेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा 22 अगस्त, 2025 को प्रमुख शासन सचिव महोदया से उनके कार्यालय में सम्पर्क करके अरबन बैंकों के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिये पुष्पगुच्छ भेंट करके आभार व्यक्त किया गया।

**चूरू जिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री राहुल पारीक को स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। बधाई।**




## सुमेरपुर बैंक के कर्मचारियों का जालौर बैंक में समायोजन

सुमेरपुर मर्केंटाईल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के 6 कार्मिकों की सेवाओं का हस्तांतरण जालौर नागरिक सहकारी बैंक में करने बाबत रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर द्वारा आदेश जारी किये गये।

## डॉ. प्रदीप जोशी सीकर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

सीकर बैंक के दिनांक को हुए चुनावों में अध्यक्ष पद पर बैंक के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी पुनः निर्वाचित हुए। बधाई।



## सरकार ने बहाल किये 99–100 के अधिकार

राजस्थान राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांक प.12(33)सह/पार्ट–01508 जयपुर, दिनांक 19.08.2025 से राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 की धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विभाग की पूर्व अधिसूचना क्रमांक प.12(15)सह/2000 पार्ट–।। दिनांक 07.07.2009 का अधिक्रमण करते हुए अरबन/नागरिक सहकारी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अरबन/नागरिक सहकारी बैंकों के मामलों में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर की अधिनियम की धारा 99 एवं 100 की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। यद्यपि इस संबंध में अभी रजिस्ट्रार कार्यालय से भी आदेश जारी होने है।

फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने बैंकों को निर्देशित किया हैं कि इन अधिकारों का उपयोग पूर्ण सावधानीपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ किया जावे।

## नेफकब की वार्षिक साधारण सभा में फैडरेशन एवं सदस्य बैंकों ने भाग लिया

नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन (नेफकब) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में अध्यक्ष महोदय श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया। इसके साथ ही राज्य के सदस्य अरबन बैंकों में फिनग्रोथ बैंक, जयपुर, चित्तौड़गढ़, ब्यावर, जालौर, उदयपुर, बालोतरा, भरतपुर आदि बैंकों ने भी भाग लिया।

# वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.8.2025 की छाया–चित्र झलकियां
















## रिजर्व बैंक ने बदला चैक क्लीयरिंग सिस्टम

भारतीय रिजर्व बैंक के भुगतान एवं समझौता प्रणाली विभाग द्वारा Introduction of Continuous Clearing and Settlement on Realisation in Cheque Truncation System के बारे में जारी परिपत्र क्रमांक RBI/2025-26/73, CO.DPSS. RLPD. No. S536/04-07-001/2025-26 दिनांक 13 अगस्त, 2025 जारी किया जिसके अनुसार अब दिनांक 4 अक्टूबर से हर दो घंटे में चैक क्लीयर होंगे।

# वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.8.2025 की छाया–चित्र झलकियां
















# वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.8.2025 की छाया–चित्र झलकियां











# जालोर नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा में लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय




**भीनमाल, (माणकमल भंडारी)।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की 27 वीं वार्षिक आम सभा वर्ष 2024-25 की बैठक बिशनगढ़ के वतन रिसोर्ट में आयोजित की गई। जिसमें बैंक के अंशधारियों ने बडी संख्या मे भाग लिया। बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा बैंक का वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 प्रस्तुत करते हुए सदस्यों के समक्ष बैंक के वित्तीय आकडें प्रस्तुत किये। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक का कुल व्यवसाय 750 करोड के पार हो गया। वर्ष 2024-25 में बैंक की कुल हिस्सा पुंजी 14.58 करोड से बढ़कर 16.26 करोड, अमानते 374.55 करोड से बढ़कर 450.63 करोड़ ऋण व अग्रिम 251.12 करोड़ से बढ़कर 302.07 करोड व सकल लाभ 10.06 करोड रूपये अर्जित किया। इसमें आयकर का भुगतान 2.13 करोड करने के पश्चात शुद्ध लाभ 6.76 करोड रूपये रहा। बैंक का 1.77 प्रतिशत तथा 0 प्रतिशत रहा हैं। संचालक मण्डल द्वारा 10 प्रतिशत की दर से कुल 1.44 करोड का लाभांश सदस्यों को वितरित करने की घोषणा की गई। आमसभा में बैंक के कार्यक्षेत्र का विस्तार गुजरात राज्य मे करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा पारित किया गया। इसके साथ ही बैंक के उपनियम खण्ड 14(2)(1) के प्रावधान अनुसार सदस्यता हेतु बैंक की न्यूनतम सेवाओं का उपयोग नहीं करने वाले सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने के सम्बन्ध में विषेश प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त बैंक के वर्ष 2024-25 की अंकेक्षित बैलेन्स शीट, लाभ-हानि खाता एवं अंकेक्षण रिपोर्ट, बजट, अधिकारियों-कर्मचारीयों हेतु स्टाफ स्ट्रेन्थ एवं बोनस/एक्सग्रेसिया भुगतान सम्बन्धी प्रस्ताव अनुमोदित किये गये। बैंक अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों को बैंक की न्युनतम सेवा प्राप्त करने का आहवान करते हुए बचत खाता खुलवाने का आग्रह किया गया।

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट द्वारा सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए बैंक की पिछले वित्तीय वर्ष की आमसभा एवं विशेष आमसभा की कार्यवाही से सदस्यों को अवगत करवाया। इसकी सदस्यों द्वारा पुष्टि की गई। बैंक के सदस्य मोहनलाल परमार, पुरूषोतम पोमल, कानाराम परमार, नितिन सोलंकी, बी. एल. सुथार, पन्नालाल सोलंकी एवं मुकेश खंडेलवाल द्वारा विभिन्न विषयों पर सुझाव प्रदान किए गए। आमसभा में बैंक के संस्थापक अध्यक्ष मदनराज बोहरा, पूर्व अध्यक्ष नितिन सोलंकी, उपाध्यक्ष राजू चौधरी, दुर्गेश सुथार, धर्मेन्द्र पटवा, पन्नालाल सोलंकी एवं नारायणलाल भट्ट, पदमाराम चौधरी को सम्मानित किया गया। अंत मे बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बैंक के संचालक दिनेश परमार, गणेशराम मीणा, कनिष चौधरी, मोहनलाल परमार सांचोर, नम्रता जेथलिया, मोहनलाल परमार जालोर, सहवृत संचालक हेमताराम प्रजापत, हरीश माहेश्वरी, मोहम्मद इंसाफ बैग सहित बैंक के गणमान्य हिस्साधारक सदस्य उपस्थित रहें।

# दौसा अरबन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड : वर्ष 2024 - 25 की वार्षिक बैठक अध्यक्ष कृष्णावतार शर्मा (टिल्लू) की अध्यक्षता में संपन्न हुई







महेश बालाहेडी /राष्ट्र सम्मत/ दौसा। जिला मुख्यालय पर गुप्तेश्वर रोड स्थित यशोधरा मैरिज गार्डन में दौसा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की वर्ष 2024-25 की 21वीं वार्षिक बैठक रविवार 17 अगस्त को कृष्ण अवतार शर्मा (टिल्लू) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें राजीव धोकरिया उपाध्यक्ष, ?द्वारका प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, आशीष, श्रीमती रेणु, श्रीमती गीता शर्मा, पंकज खंडेलवाल, कुंज बिहारी शर्मा, कपिल पुरोहित, कपिल राजोरिया, एडवोकेट दीपक शर्मा तथा पीयुष



आकड़ डायरेक्टर की उपस्थिति रही। मंचासीन सभी डायरेक्टर्स का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बैंक के अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने आम सभा में बैंक के वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बताया कि बैंक के अंशपूजी रु. 3.54 करोड, जमाए रु. 153.88 करोड, ऋण रु. 69.27 करोड तथा शुद्ध लाभ रु. 174.81 लाख हुआ है। उन्होंने बताया कि बैंक विगत 29 वर्षों से अपनी ब्रान्ड पहचान से प्रगति कर रहा है एवं सभी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी जमाए पूर्णतया सुरक्षित है तथा बैंक आने वाले वर्षों में प्रगति करता हुआ देश के विकास में सहयोग करेगा।

बैंक का सकल एन.पी.ए. रु. 28 लाख 62 हजार से घटकर शुन्य हो गया है। दौसा अरबन को-आपरेटिव बैंक राजस्थान में एक मात्र ऐसा बैंक है जिसका सकल एन.पी.ए. शून्य है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के समक्ष 10 प्रतिशत लाभांश (वर्ष 2024-25) अंशधारियो को देने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से आम सभा ने पारित किया है। बैंक के सदस्यों/अंशधारीयो ने बैंक के हित में विचार व्यक्त किये जिसे बैंक हित मे लागू करने का विश्वास दिलाया।

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह अगस्त, 2025 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां

2 अगस्तः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित टैफकब की बैठक दिनांक 25 जून, 2025 की कार्यवाही में फैडरेशन से संबंधित बिन्दुओं पर अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की।

6 अगस्तः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी द्विमासिक मौद्रिक नीति की जानकारी, जारी नीति की प्रति सहित, सभी सदस्य बैंकों को भिजवाई।

6 अगस्तः सुमेरपुर मर्कैंटाईल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के 6 कार्मिकों की सेवाओं का हस्तांतरण जालौर नागरिक सहकारी बैंक में करने बाबत कार्यालय रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर से आदेश जारी करवाये।

6 अगस्तः सीकर बैंक के चुनावों में डॉ. प्रदीप जोशी के अध्यक्ष पद पर पुनर्निवाचन पर बधाई प्रेषित की।

13 अगस्तः फैडरेशन के पूर्व पत्र दिनांक 04.07.2025 की प्रति एवं सहकारी भर्ती मंडल को भिजवाये जाने वाले पत्र का प्रारूप संलग्न करते हुए सदस्य बैकों से पुनः निवेदन किया गया कि बैंक में सीधी भर्ती की कार्यवाही नये सेवा नियमो के बिन्दु सं. 5 के अनुसार होगी। अतएव डी ग्रेड अधिकारी एवं बैंकिंग सहायक के लिये सीधी भर्ती हेतु पदों की संख्या से अवगत कराते हुए राज्य सहकारी भर्ती मंडल को प्रार्थना पत्र 20 अगस्त, 2025 तक प्रस्तुत किया जावे जिसकी प्रति फैडरेशन को भी पृष्ठांकित करें। बैंक पत्र में यह स्पष्ट उल्लेख कर सकते हैं कि ऐसी भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से कराई जावे। यदि बैंक में सीधी भर्ती हेतु कोई भी पद रिक्त नहीं पाते है तो कृपया फैडरेशन को पृथक से सूचित करावें।

14 अगस्तः भारतीय रिजर्व बैंक के भुगतान एवं समझौता प्रणाली विभाग द्वारा **Introduction of Continuous Clearing and Settlement on Realisation in Cheque Truncation System** के बारे में जारी परिपत्र कमांक **RBI/2025-26/73, CO.DPSS. RLPD. No. S536/04-07-001/2025-26** दिनांक 13 अगस्त, 2025 की प्रति सदस्य बैंकों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भिजवाई गई।

15 अगस्तः स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अपेक्स बैंक में सम्पन्न ध्वजारोहण समारोह में शिरकत की। ध्वजारोहण पश्चात् अपेक्स बैंक प्रशासक एवं प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रीमती मंजू राजपाल के कक्ष में अन्य अधिकारी के साथ विचार–विनिमय किया। श्रीमती मंजू राजपाल ने अवगत कराया कि अरबन बैंकों के 99 एवं 100 की शक्तियां प्रत्यायोजित किये जाने से संबंधित लम्बे समय से चल रही मांग का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

18 अगस्तः फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा द्वारा प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता विभाग के सचिवालय स्थित कक्ष में सम्पर्क करके अरबन बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारियो को धारा 99–100 की शक्तियां बहाल किये जाने के लिये हार्दिक आभार प्रकट करते हुए निवेदन किया कि अरबन बैंकिंग सेक्टर के लिये संजीवनी का कार्य करेगा। ।

19 अगस्तः बैंकिंग फ्रंटियर द्वारा 17–18 सितंबर, 2025 को आयोजित फ्रंटियर को–ऑपरेटिव बैंकिंग अवार्ड–2025 में फैडरेशन की ओर से भाग लेने हेतु अध्यक्ष महोदय एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नामित करते हुए अवार्ड संबंधी प्रपत्र / विवरण प्रेषित किये गये।

20 अगस्त : फैडरेशन के निरंतर प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना कमांक प. 12(33)सह/पार्ट–01508 जयपुर, दिनांक 19.08.2025 से राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 की धारा 4 की उपधारा (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विभाग की पूर्व

अधिसूचना क्रमांक प.12(15)सह/2000 पार्ट–।। दिनांक 07.07.2009 का अधिक्रमण करते हुए अरबन/नागरिक सहकारी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अरबन/नागरिक सहकारी बैंकों के मामलों में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर की अधिनियम की धारा 99 एवं 100 की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु बैंकों को भिजवाते हुए फैडरेशन अध्यक्ष महोदय द्वारा इन अधिकारों का उपयोग पूर्ण सावधानीपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में राजपत्र में प्रकाशन पश्चात् रजिस्ट्रार कार्यालय से आदेश जारी होने पर क्रियान्विति की जानी है।

बैंकों को यह भी अवगत कराया गया कि यह स्वीकृति माननीय सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक एवं प्रमुख शासन सचिव श्रीमती मंजू राजपाल की विशेष अभिरूचि से संभव हुई है। इस समस्त कार्यवाही में फैडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष श्री सतीश सरीन का भी उल्लेखनीय योगदान एवं सहयोग प्राप्त हुआ जिसके लिये उनका आभार।

21 अगस्तः फैडरेशन अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सवाईमाधोपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक साधारण सभा में भाग लिया गया। बैठक के उपरांत बैंक के निदेशकगण एवं अधिकारियों के साथ बैंक की भावी प्रगति के बारे में विशेष चर्चा करते हुए सुझाव दिये।

21 अगस्तः फैडरेशन की वार्षिक साधारण सभा में भाग लेने के लिये सर्वत्र टैक्नोलोजीज, औरम्बिका इंजिनियरिंग कं. प्रा.लि., नेलिटो सिस्टम्स एवं डीसी नेटवर्क के प्रतिनिधियों से लगातार वार्ता कर 30 अगस्त को प्रजेण्टेशन के लिये आमंत्रित किया जिसके फलस्वरूप फैडरेशन को रूपये 150000/– का अतिरिक्त अंशदान प्राप्त हुआ।

22 अगस्तः फैडरेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रमुख शासन सचिव महोदया से उनके कार्यालय में सम्पर्क करके अरबन बैंकों के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिये पुष्पगुच्छ भेंट करके आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय ने विशेष रूप से उल्लेखित किया कि उनके कार्यकाल में नये सर्विस रूल्स जारी होने के साथ स्टाफ स्ट्रेन्थ स्वीकृत करने के अधिकारी भी बैंक के संचालक मंडल को प्रदान किये जा चुके हैं। वर्षों से लम्बित 99–100 के अधिकार भी प्रत्यायोजित हो गये हैं। कम्प्रोमाईड सैटलमेंट योजना के लिये भी बैंकों के संचालक मंडल को अधिकृत किया गया है।

25 अगस्तः राज्य सरकार द्वारा अरबन बैंकों के नये सर्विस रूल्स जारी करने, धारा 99–100 की शक्तियां बहाल करने, लम्बित चुनाव कराने इत्यादि कार्य पूरे करने पर फैडरेशन की तरफ से माननीय सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक का अभिनंदन करके आभार व्यक्त किया गया। इसमें अध्यक्ष महोदय श्री मोहन पाराशर के साथ दी राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री के.के. टाक, श्री आफताब जी, सीकर बैंक अध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी, भीलवाड़ा बैंक अध्यक्ष श्री विवेकानंद पाण्डे, चूरू बैंक अध्यक्ष श्री राहुल पारीक, फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा एवं राजलक्ष्मी महिला बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री इकबाल खान उपस्थित रहे। मंत्री महोदय ने विशेष रूचि लेकर अरबन बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बैंकों की अन्य समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया।

28 अगस्तः सहकार भारती द्वारा 10–11 सितंबर, 2025 को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित अरबन बैंक राष्ट्रीय अधिवेशन में अरबन बैंकों से प्रतिभागी भिजवाने हेतु सदस्य बैंकों से निवेदन किया गया। राष्ट्रीय स्तर का यह अधिवेशन जयपुर में होने के कारण यह आव्हान किया गया कि बैंको के प्रतिनिधि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनावें।

29 अगस्तः नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन (नेफकब) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में अध्यक्ष महोदय श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया। इसके साथ ही फिनग्रोथ बैंक, जयपुर, चित्तौड़गढ़, ब्यावर, जालौर, उदयपुर, बालोतरा, भरतपुर आदि बैंकों ने भी भाग लिया।

29 अगस्तः मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा केन्द्रीय सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के कार्यालय में श्री देवेन्द्र कुमार सिह, अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की गई एवं उन्हें जयपुर पधारने के लिये आमंत्रित किया।

30 अगस्तः फैडरेशन की 21वीं वार्षिक साधारण सभा होटल अचरौल निवास, अचरौल, जयपुर में सम्पन्न हुई। फैडरेशन अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा उपस्थित महानुभावों के स्वागत अभिनंदन पश्चात् प्रारंभ इस महती सभा में केन्द्र सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय अमित शाह द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे सकारात्मक कार्यों, अरबन बैंकिंग क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने, इस सेक्टर को मजबूती का अवसर देने के लिये केन्द्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष ने नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन एण्ड क्रेडिट सोसाइटीज (नेफकब) एवं नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव डवलपमेंट एण्ड फाइनेंस कोरपारेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) द्वारा अरबन बैंकों के हित में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका के लिये धन्यवाद दिया।

- श्री पाराशर ने कहा कि गत 2 वर्षों में नवीन प्रबंधकारिणी का फैडरेशन को गतिमान बनाने के लिये पूर्ण प्रयास रहा है। फैडरेशन की सफलता में बैको की प्रमुख भागीदारी रही है। उन्होंने बताया कि दिनांक 24 जुलाई, 2025 को माननीय केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ''नेशनल को–ऑपरेटिव पालिसी'' का आगाज किया गया। उन्होंने आव्हान किया कि आगामी 8–9 नवम्बर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होने वाले ''को–ऑपरेटिव कुम्भ'' में राजस्थान की भागीदारी और उपस्थिति दर्ज करानी चाहिये।


- श्री पाराशर ने अवगत कराया कि अवधिपार ऋणों की वसूली हेतु धारा 99–100 के अधिकार जो कई वर्षों से लम्बित थे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रत्यायोजित कर दिये गये हैं। बैंकों के कार्मिकों के नवीन सेवा नियम लागू हो चुके हैं जिसके अनुसार स्टाफ स्ट्रेन्थ स्वीकृत करने के अधिकार बैंकों के संचालक मंडल को ही प्राप्त हो गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नियुक्तियों को लेकर जो सबसे बड़ी बाधा थी, वह काफी सीमा तक दूर हो चुकी है।


- फैडरेशन का राजस्थान सरकार के सहकारी विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक से आदर्श समन्वय रहा है जिसके लिये उन्होंने आभार व्यक्त किया। नेशनल फैडरेशन द्वारा दिये गये सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिये भी उनका आभार व्यक्त किया। अपेक्स बैक के प्रबन्ध निदेशक, फैडरेशन के निदेशक मण्डल में हैं, उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिये भी धन्यवाद देते हुए सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये।

- सदस्य सचिव श्री एम. एल. शर्मा ने विचारणीय विषयों को बिन्दुवार सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत किया। सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श पश्चात् गत आम सभा दिनांक 12.09.2025 की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उसमें लिये गये निर्णय पर फैडरेशन द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन किया। वर्ष 2024–25 के अंकेक्षित अंतिम लेखों को अंगीकार करते हुए अंकेक्षण रिपोर्ट की पालना का अनुमोदन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु बजट स्वीकृत किया गया। सभा में 31 मार्च, 2025 तक के संकलित लाभ का निवर्तन किया गया। फैडरेशन के उप–नियमों में कतिपय संशोधन करने हेतु गठित कमेटी की बैठक में प्रस्तावित किये गये संशाधनों का विचारोपरांत अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य बैंकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


- बैठक में सदस्य बैंकों के अध्यक्षों व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिन पर अध्यक्ष श्री पाराशर ने अपने सम्बोधन में उचित माध्यम से समाधान का आश्वासन दिया।

–0–0–0–0–


## Microsoft Word Insert Tab 


1. 


: To insert pre-designed front page to give a beautiful look for your file.

2. 


: To insert blank page in file anywhere.

3. 


: Page break is used to separate link of one page with another page.

4. 


: To insert table either blank or upon your pre written text.

5. 


: To insert any picture in file.

6. 


: To insert pre loaded pictures from Ms Word library.

7. 


: To insert pre designed shapes from Ms Word library.

8. 

: To insert some pre designed smart shapes to present your words beautifully.

9. 

: To insert chart in word file which is linked with Ms Excel.

10. 

: To insert or connect two or more than two files with each other through any picture or word.

## Microsoft Word Insert Tab

1. 


: To insert same text automatic like heading at top of all pages.

2. 

: To insert same text automatic at bottom of all pages.

3. 


: To insert page numbers automatic at top/bottom of all pages.

4. 


: To insert text box for place your text/picture anywhere on page like overlap.

5. 

: To give special pre-decided looks or extra effects for your text.

6. 


: To give special effect for beginning letters of paragraph.

7. 


: To insert signature line on page with special design.

8. 

: To insert Date & Time as your computer Date & Time.

9. 

: To insert objects like Graph, Excel Sheet etc.

10. 

: To insert mathematically equations of Algebra and Trigonometric.

11. 

: To insert many scientifically symbols.